# आकाशवाणी, पटना

Email-rnupatna2016@gmail.com

ADVT. No.-CAS-01/2024-25 दिनांक-15.02.2025

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी पटना में आकस्मिक संपादक (हिंदी)/आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल तैयार करने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्रम संख्या | श्रेणी/पद | अनिवार्य योग्यता/ शैक्षणिक योग्यता | वांछनीय योग्यता | आयु | आवेदन शुल्क बैक ड्राफ्ट के माध्यम से |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **आकस्मिक संपादक हिंदी CASUAL EDITOR HINDI** | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक। पत्रकारिता में डिग्री या एक साल का पीजी डिप्लोमा अथवा इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया में Reporting या Editing में पांच वर्ष का अनुभव हिंदी में दक्षता। | रेडियो टीवी पत्रकारिता से संबंधित कार्य का अनुभव तथा कम्प्यूटर का प्राथमिक ज्ञान | 21 से 50 वर्ष। विज्ञापन प्रकाशन की तारीख को 21 से 50 वर्ष के बीच | सामान्य श्रेणी के लिए 354 रुपये SC/ST/ OBC के लिए 266 रुपये |
| 02 | **आकस्मिक प्रसारण सहायक CASUAL BROADCAST ASSISTANT** | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक। रेडियो प्रोडक्शन में डिप्लोमा तीन वर्ष के कार्य अनुभव के साथ। हिन्दी और अंग्रेजी में कार्य करने की दक्षता। साउंड एडिटिंग, हिन्दी और अंग्रेजी के विभिन्न फांट में टाइपिंग का ज्ञान। | ------ | 21 से 50 वर्ष। विज्ञापन प्रकाशन की तारीख को 21 से 50 वर्ष के बीच | सामान्य श्रेणी के लिए 354 रुपये SC/ST/ OBC के लिए 266 रुपये |

नोट– पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन 7 मार्च 2025 तक ही स्वीकार किये जायेंगे।

आवेदन पत्र और अन्य विवरण www.newsonair.gov.in के Vacancies सेक्शन से या प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी पटना के X हैंडल @airnews_patna से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**उप महानिदेशक (अभियंत्रण)–सह–केंद्र प्रमुख**

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक )
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना
*****

# विस्तृत विज्ञापन

ADVT. NO. – CAS.-01 /2024-25 Date – 15.02.2025

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी पटना में आकस्मिक संपादक (हिंदी) / आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल तैयार करने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं । ब्यौरा निम्न प्रकार है -

| क्रम संख्या | श्रेणी पद | अनिवार्य योग्यता/शैक्षणिक योग्यता | वांछनीय योग्यता | आयु | आवेदन शुल्क<br>बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **आकस्मिक संपादक हिंदी**<br>CASUAL EDITOR HINDI | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक । पत्रकारिता में पीजी डिग्री या एक साल का पीजी डिप्लोमा<br>अथवा इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया में Reporting या Editing में पांच वर्ष का अनुभव<br>हिंदी में दक्षता | रेडियो टीवी पत्रकारिता से संबंधित कार्य का अनुभव तथा कंप्यूटर का प्राथमिक ज्ञान | 21 से 50 वर्ष । विज्ञापन प्रकाशन की तारीख को 21 से 50 वर्ष के बीच | सामान्य श्रेणी के लिए 354 रुपये<br>SC/ST/OBC के लिए 266 रुपये |
| 02 | आकस्मिक प्रसारण सहायक<br>CASUAL BROADCAST ASSISTANT | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक .<br>रेडियो प्रोडक्शन में डिप्लोमा तीन वर्ष के कार्य अनुभव के साथ.<br>हिंदी और अंग्रेजी में कार्य करने की दक्षता<br>साउंड एडिटिंग, हिंदी और अंग्रेजी के विभिन्न फांट में टाइपिंग का ज्ञान | -- | 21 से 50 वर्ष । विज्ञापन प्रकाशन की तारीख को 21 से 50 वर्ष के बीच | सामान्य श्रेणी के लिए 354 रुपये<br>SC/ST/OBC के लिए 266 रुपये |

- **आकस्मिक संपादक के आवेदकों के लिए सूचना** - पैनल में चयन की प्रक्रिया – पैनल में चयन (1) लिखित परीक्षा (2) साक्षात्कार के आधार पर होगा । दोनों 100-100 अंकों की होगी । लिखित परीक्षा में पचास प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा । मेधा अंक के आधार पर चयन समिति द्वारा पैनल में नाम शामिल करने की अनुशंसा की जायेगी । लिखित परीक्षा में पत्रकारिता, सम सामयिक और सामान्य सचेतता, रेडियो, पेशेवर दक्षता और भाषा संबंधी दक्षता की जांच की जायेगी ।

- **आकस्मिक प्रसारण सहायक के आवेदकों के लिए आवश्यक सूचना** – पैनल की चयन प्रक्रिया दो प्रकार के परीक्षा के आधार पर ली जायेगी । पहला प्रश्न पत्र पचास अंकों का होगा जिसमें अभ्यर्थी के सामान्य ज्ञान और सामान्य सचेतता की जांच की जायेगी । दूसरे प्रश्न पत्र में प्रायोगिक परीक्षा 100 अंक की होगी । इसमें अभ्यर्थियों के कंप्यूटर संबंधी जानकारी , विभिन्न प्रकार Audio File की एडिटिंग की परीक्षा की जायेगी । लिखित परीक्षा में पचास प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अगले चरण में पेशेवर दक्षता परीक्षा (proficiency test) में भाग लेने का अवसर मिलेगा ।
- नोट – यह पैनल केवल आकस्मिक है और असाइनमेंट के आधार पर कार्य के लिए हैं । पैनल में चुने जाने पर अभ्यर्थी को आकाशवाणी में नियमित नौकरी का दावा करने का अधिकार नहीं होगा
- परीक्षा के आधार पर अंकों की मेधा सूची के आधार पर पैनल में चयन किया जायेगा ।
- बैंक ड्राफ्ट (Bank Draft ) निम्नांकित के नाम देय होगा -

**PRASAR BHARATI (B.C.I.), ALL INDIA RADIO, PATNA**

- आवेदन की अंतिम तारीख – 07 मार्च 2025
  - आवेदन केवल स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट से करें । आवेदन करते समय लिफाफे के सबसे ऊपर अवश्य लिखें –

    " आकस्मिक संपादकीय /प्रसारण सहायक पैनल के लिए आवेदन "
  - आवेदन भेजने का पता –

    उप महानिदेशक ( अभियंत्रण ) सह केंद्र प्रमुख, आकाशवाणी , पटना पिन -800001
  - आवेदन पत्र और अधिक जानकारी WWW.NEWSONAIR.GOV.IN के VACANCIES सेक्शन से या प्रादेशिक समाचार एकांश , आकाशवाणी के एक्स हैंडल @airnews_patna से भी डाउन लोड किये जा सकते हैं ।

उप महानिदेशक (अभियंत्रण) – सह- केंद्र प्रमुख

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
आकाशवाणीः पटना

## आवेदन फॉर्म

आवेदक नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चिपकाये

### असाईनमेंट के आधार पर– आकस्मिक समाचार संपादक/आकस्मिक प्रसारण सहायक के लिए

01. आवेदक का नाम (हिन्दी में):– ..............................
(अंग्रेजी में):– ..............................
02. पिता का नामः– ..............................
03. जन्म तिथिः– .............. 15 फरवरी 2025 को उम्रः–..............
04. लिंग (महिला/पुरूष):– ..............................
05. श्रेणी (सामान्य/एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी):– ..............................
06. आधार संख्याः– ..............................
07. पदः– ..............................
08. शैक्षिक योग्यताः– ..............................
09. कम्प्यूटर/तकनीकी ज्ञानः– ..............................
10. कार्य अनुभवः– ..............................
11. पत्राचार का पताः– ..............................
..............................
..............................
12. मोबाईल नं0:– ..............ई–मेल आईडी:– ..............
13. आवेदन शुल्क/बैंक ड्राफ्ट का विवरणः–..............................

**अभ्यर्थी हेतु आवश्यक शर्तें:–**

1. आकस्मिक समाचार सम्पादक/प्रसारण सहायक हेतु अभ्यर्थी की आयु 15 फरवरी 2025 को 21 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
2. पटना नगर निगम के अन्तर्गत रहने वाले अभ्यर्थी के आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे।
3. शैक्षणिक, आयु, अनुभव, जाति एवं पता संबंधी प्रपत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां आवेदन के साथ संलग्न करें।
4. आवेदन पत्र उप महानिदेशक (अभियंत्रण) सह केन्द्र प्रमुख, आकाशवाणी, पटना पिन कोड–800001 को रजिस्टर्ड डाक से भेजें।
5. सामान्य अभ्यर्थी हेतु परीक्षा शुल्क– रू 354/– (रूपये तीन सौ चौवन मात्र) एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. अभ्यर्थी हेतु परीक्षा शुल्क– रू 266/– (रूपये दो सौ छियासठ मात्र)।

## घोषणा

मैं यह घोषित करता/करती हूँ कि आवेदन– पत्र में दी गयी जानकारियां पूर्णतः सत्य है। मैंने किसी तथ्य को न छिपाया है और न गलत है। मैं यह घोषित करता/करती हूँ कि यदि मेरी कोई सूचना असत्य, गलत अथवा भ्रामक पाई जाती है, तो चयनित होने की स्थिति में भी मुझे पैनल से हटा दिया जाए।

मैंने यह भली–भांति समझ लिया है कि यह कोई नियमित सरकारी सेवा नहीं है और न ही नियमितीकरण के लिए भविष्य में मेरा कोई दावा मान्य नहीं होगा।

मैंने यह भी समझ लिया है कि आवेदित पैनल के लिए चयनित होने की स्थिति में मुझे आकाशवाणी केन्द्र की आवश्यकतानुसार समय–समय पर असाइनमेंट के आधार पर अनुबंधित किया जाएगा। मुझे यह भी ज्ञात है कि मेरा कार्य व्यवहार संतोषजनक न होने पर मुझे पैनल से कभी भी हटाया जा सकता है।

हस्ताक्षर